# जाम खुलवाने गए थाना प्रभारी पर जानलेवा हमला

## थाना कमर्जी क्षेत्रांतर्गत नाली निर्माण को लेकर हुए विवाद के बाद हुई घटना, उपचारार्थ जिला अस्पताल में भर्ती थाना प्रभारी को देखने पहुंचे एसपी

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 जून। जाम खुलवाने गये थाना प्रभारी पर जानलेवा हमला हुआ। थाना कमर्जी क्षेत्रांतर्गत नाली निर्माण को लेकर हुये विवाद के बाद घटना हुई। उपचारार्थ जिला अस्पताल में भर्ती थाना प्रभारी को देखने एसपी पहुंचे।**

सड़क जाम हटाने के दौरान हुए इस हमले में कमर्जी थाना प्रभारी इंद्राज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर पर गहरी चोट आई है। घटना के बाद उन्हें तत्काल जिला अस्पताल सीधी में भर्ती



कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी संतोष कोरी जिला अस्पताल पहुंचे और घायल थाना प्रभारी का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से उपचार संबंधी जानकारी ली। जानकारी के अनुसार ग्राम पटपरा में नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। एक पक्ष का आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण कर आवागमन बाधित किया गया है। इस संबंध में कई बार राजस्व अधिकारियों को शिकायतें और आवेदन दिए गए थे लेकिन कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार दोपहर करीब 12 बजे सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी इंद्राज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वे ग्रामीणों को समझाइश देकर मार्ग खुलवाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और कुछ लोगों ने थाना प्रभारी पर टांगी एवं हंसिए से हमला कर दिया। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोट आई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उन्हें भीड़ से सुरक्षित निकालकर डायल-112 की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले में दिनेश पटेल उर्फ गुंठी, सुनील पटेल, विनय पटेल, प्रीतम पटेल तथा रितेश उर्फ सिंटू पटेल को नामजद आरोपी बनाया है। दिनदहाड़े पुलिस अधिकारी पर हुए इस हमले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दबिश जारी

थाना प्रभारी पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस की कई टीमें पूरी तरह से मुस्तैद हैं। बताया गया है कि संभावित स्थलों में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये लगातार दबिश कार्रवाई की जा रही है। आरोपी इतने शातिर हैं कि गिरफ्तारी से बचने के लिये जगह बदल रहे हैं। पुलिस का कहना है जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

### इनका कहना है

नाली निर्माण को लेकर पटेल परिवार के बीच विवाद के चलते सड़क जाम कर दिया गया था। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मौके पर पुलिस बल के साथ गये थे। पुलिस अधिकारी पर हमला अत्यंत गंभीर अपराध है। मामले की जांच के लिए एसडीओपी सहित पांच थानों का पुलिस बल मौके पर भेजा गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश शुरू की गई। दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**संतोष कोरी, पुलिस अधीक्षक सीधी**

# नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर होगा काम : विकास

## बैठक में अवैध मादक पदार्थों के नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 जून। जिले को नशामुक्त बनाने और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एन-कॉर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, परिवहन, भंडारण एवं उपयोग की रोकथाम के लिए बहु-विभागीय रणनीति पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।**



बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसलिए जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए समन्वित एवं परिणाममूलक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस, आबकारी, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी तथा अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्कूलों एवं महाविद्यालयों के आसपास नशीले पदार्थों की उपलब्धता रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शैक्षणिक परिसरों को पूरी तरह नशामुक्त वातावरण प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए नियमित निरीक्षण एवं निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नशा मुक्ति को जनआंदोलन का स्वरूप देने पर बल देते हुए कलेक्टर ने ड्रग्स नहीं, दूध चाहिए अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय, एएसपी श्रीमती कमला जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रंगोली प्रतियोगिता एवं यूसीसी वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इको-फ्रेंडली रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रभावी सहभागिता निभाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।**

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यार्थियों द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों पर आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियों का निर्माण



किया गया था। प्रतियोगिता में अबोध बाल शिक्षा निकेतन हाई स्कूल सीधी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्राएं नमी सिंह, जान्हवी पाण्डेय, आस्था सिंह चौहान, श्रुति सिंह, राधा सोनी, महक मिश्रा, गुरुवानी गुप्ता, पलक मिश्रा, सुप्रिया प्रजापति, कृतिका द्विवेदी, सांची द्विवेदी, आयुषी तिवारी, अनन्या तिवारी एवं विजया सिंह पटेल को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल सीधी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्राएं श्रुति सोनी, प्रिया नामदेव, सुप्रिया नामदेव, अंशु सिंह एवं अंजली सिंह को सम्मानित किया गया। वहीं सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल पनवार सीधी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय की छात्राएं अनुग्या मिश्रा, अग्निशिखा सिंह, वैशाली सिंह, कश्यपी मिश्रा एवं वैश्नवी शुक्ला को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया में 14 जून को आयोजित समान नागरिक संहिता विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रभावी सहभागिता निभाने वाली भाग्य श्री शर्मा एवं आयुष शुक्ला को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। दोनों विद्यार्थियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार तार्किक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

# मुख्यमंत्री के जनसेवा संकल्प को साकार कर रहे जनकल्याण शिविर : मंजू सिंह

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 जून। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत मझौली में आयोजित 3 दिवसीय खण्ड स्तरीय जन कल्याण शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया।**

शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जनपद पंचायत मझौली की



अध्यक्ष सुश्री सुरभि श्रीवास्तव, जनपद सदस्य श्रीमती सुगन कोल, समाजसेवी रामजी सिंह, सीईओ जनपद पंचायत मझौली सुश्री सुरभि श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसके पश्चात जनपद पंचायत मझौली की अध्यक्ष सुश्री सुरभि श्रीवास्तव ने शिविर की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ सरलता और पारदर्शिता के साथ प्राप्त हो। आयोजित जन चौपाल में वैदेही फाउंडेशन जन कल्याण समिति सेंदुरा के अध्यक्ष व पीएलव्ही सुरेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा जल संरक्षण जल संवर्धन, नशा मुक्ति, पर्यावरण व किसान सम्मान वर्ष पर केन्द्रित प्रभावी समझाइस के साथ हृदयस्पर्शी प्रेरणास्पद गीतों की प्रस्तुती कर कार्यक्रम में समा बांध दिया।

### एक नजर में

## डॉ.एसबी खरे कम्युनिटि सर्विस अवार्ड से सम्मानित




**सीधी।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में दीर्घकालीन, समर्पित एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ.एस.बी.खरे को कम्युनिटी सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ.अजय विष्णोई, डॉ.नवनीत सक्सेना डीन एनएससीबी मेडिकल कॉलेज जबलपुर, डॉ.ऋचा शर्मा डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट, डॉ.अखिलेश गुमास्ता वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ, सौरभ बड़ेरिया चेयरमैन अपोलो जबलपुर ग्रुप, डॉ.रितु श्रीवास्तव ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन, डॉ.परिमल स्वामी को-ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन, डॉ.वी.के.भारद्वाज साइंटिफिक सेक्रेटरी एवं डॉ.अभिषेक श्रीवास्तव ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया। डॉ.एस.बी.खरे का निस्वार्थ सेवा भाव, समाज के प्रति समर्पण तथा जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में उनका उल्लेखनीय योगदान चिकित्सा समुदाय के लिए प्रेरणास्रोत है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर जनसेवा हेतु हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।

## जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विकास मिश्रा द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन एवं वंशवृद्धि को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। यह व्यवस्था म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग नियम, 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत लागू की गई है। कलेक्टर ने बताया कि बंद ऋतु के दौरान सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णत: निषिद्ध रहेगा। साथ ही मछलियों का क्रय-विक्रय, विनिमय एवं परिवहन भी प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में नियमों का उल्लंघन करना संज्ञेय एवं दण्डनीय अपराध माना जाएगा। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, मछली पालन विभाग के ज्ञापन दिनांक 23 जुलाई 1987 के अनुसार ऐसे छोटे तालाब या जल स्रोत, जिनका किसी नदी से कोई संबंध नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा में शामिल नहीं किया गया है, उन्हें छोड़कर जिले की सभी नदियों एवं जलाशयों में मत्स्याखेट पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से नियमों का पालन कर मत्स्य संसाधनों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण दावा आपत्ति अवधि बढ़ी

**सीधी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की प्रस्रि5या एवं समय-सारणी में संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची से संबंधित दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 जून को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि सभी दावा-आपत्ति केन्द्रों पर 25 जून तक निरंतर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। प्राप्त होने वाले दावे एवं आपत्तियों को प्रतिदिन ऑनलाइन दर्ज करने तथा निर्धारित प्रपत्र में उनकी जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## भीषण गर्मी : विद्यालयों के समय में परिवर्तन

**सीधी।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान एवं उमस भरी गर्मी को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा ने समस्त विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन संबंधी आदेश जारी किए हैं। यह आदेश मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार स्कूल चलें हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत लागू किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार 16 जून 2026 से जिले की सभी शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त, अनुदानित एवं गैर-अनुदानित विद्यालयों के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल, आईसीएसई एवं सीबीएसई से संबद्ध प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकण्डरी विद्यालय विद्यार्थियों के लिए पुन: संचालित होंगे। गर्मी के वर्तमान हालात को दृष्टिगत रखते हुए नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के लिए 30 जून तक विद्यालयों का संचालन समय प्रात: 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था विद्यार्थियों को तीव्र गर्मी एवं लू के प्रभाव से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से की गई है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा है कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय उनके हित में लिया गया है।

# अपाक्स की मझौली में ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित



नवभारत न्यूज

**सीधी 15 जून। मध्य प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त अपाक्स अधिकारी कर्मचारी संगठन की ब्लॉक स्तरीय बैठक मझौली तहसील परिसर के पास गत दिवस आयोजित की गई।**

बैठक में बतौर और मुख्य अतिथि अपाक्स संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीराम सोनी एवं विशिष्ट अतिथि में प्रोफेसर संतोष कुमार यादव, जिला महासचिव ओम प्रकाश पांडेवा, जिला संगठन सचिव देवेश पटेल, पंकज सिंह पटेल रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष मझौली रामशरण यादव द्वारा की गई।

बैठक के दौरान ब्लॉक इकाई मझौली कार्यकारिणी विस्तार करते हुए रामानुज यादव माध्यमिक शिक्षक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हीरामणि साकेत माध्यमिक शिक्षक को उपाध्यक्ष एवं रामानंद विश्वकर्मा प्राथमिक शिक्षक को संगठन सचिव सम्मति नियुक्त किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से मझौली तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार पनिका, मड़वास तहसील अध्यक्ष मो.रज्जाक खान, मड़वास तहसील के कोषाध्यक्ष गंभीर सिंह सहित काफी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मप्र शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 जून। प्रांत के निर्देशानुसार म.प्र. शिक्षक संघ सीधी की जिला कार्यकारिणी की बैठक 14 जून को महारानी लक्ष्मीबाई हाईस्कूल सीधी में जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।**

बैठक में डॉ.कौशलेंद्रमणि त्रिपाठी प्रांतीय सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख के मार्गदर्शक, राजबहोर पाठक प्रांतीय साहित्यिक प्रकोष्ठ प्रमुख, अर्जुन सिंह बघेल संभागीय कोषाध्यक्ष, श्रीकुमार बंसल संभागीय उपसचिव एवं सुभाषचंद्र द्विवेदी संभागीय सदस्य के विशिष्ट आतिथ्य के रूप में उपस्थित रहे। सभी कार्यकारिणी




एवं ब्लॉक इकाइयों के पदाधिकारियो का परिचय हुआ। अतिथियों एवं सभी पदाधिकारियो का तिलक एवं अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रांत से प्राप्त एजेंडो पर चर्चा हुई जिस पर विकासखंड मझौली के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी द्वारा टेट परीक्षा के बारे में चर्चा करते हुए कहा गया कि 18 जून को अधिक से अधिक संख्या में स्कूल समय के बाद 4:30 बजे कलेक्टर को प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम से ज्ञापन सौपा जाएगा।

# पिपरहा में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

नवभारत न्यूज

**कुसमी 15 जून। ग्राम पिपरहा में ददरी सरपंच छोटेलाल सिंह, खैरी के उपसरपंच महेश यादव, संस्था ग्राम सुधार समिति के सचिव बृजेन्द्र मिश्रा की उपस्थिती में वर्मी व भूनाडेप कम्पोष्ट की तैयारी व इसके उपयोग व लाभ तथा मृदा स्वास्थ्य, मृदा परीक्षण व संतुलित उर्वरक के उपयोग पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।**

जिसमें किसानों को मृदा परीक्षण करवाने व खाद का संतुलित मात्रा में उपयोग करने की



जानकारी देने के साथ वर्मी कम्पोस्ट व भूनाडेप के माध्यम से जैविक खाद तैयार करने की जानकारी प्रशिक्षक रामसेवक द्वारा दी गई। संस्था सचिव ने उपस्थित समुदाय को जैविक खेती करने व परियोजना से जुड़कर लाभ लेने की बात कही। परियोजना समन्वयक केदार रजक ने परियोजना के माध्यम से किये गए कामो की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के हाथों 10 किसानों को स्प्रिंकलर पाईप सेट, 3 किसानों को विद्युत पंप, 3 किसानों को रैन गन वितरित किये गए साथ ही गरीब व भूमिहीन परिवारों की आजीविका को बढ़ाने के उद्देश्य से 19 परिवार को सुअर पालन, बकरी पालन, मिट्टी के बर्तन बनाने, बांस के बर्तन बनाने, सिलाई मशीन, विशातखाना दुकान व किराना दुकान हेतु 4 लाख 10 हजार रुपये का चेक दिया गया। कार्यक्रम में विष्णु प्रताप सिंह अध्यक्ष वाटरशेड कमेटी कोटा, लालजी सिंह सचिव वाटरशेड कमेटी कोटा, धनंजय सिंह, सुंदरलाल सिंह, श्रीमती यशोदाबाई सिंह आदि उपस्थित रहे।



# समय-सीमा बैठक में शिक्षा व्यवस्था, सीएम हेल्पलाइन और स्वरोजगार योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 जून। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर विकास मिश्रा ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, जनहित से जुड़े मामलों तथा विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर और प्रभावी ढंग से मिलना चाहिए।**

बैठक में कलेक्टर ने जनकल्याण शिविरों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हो तथा पात्र हितग्राहियों को बिना किसी विलंब के लाभान्वित किया जाए। स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित सभी स्वरोजगार योजनाओं के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके और वे आत्मनिर्भर बन सकें। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर चल रहे जनसुझाव अभियान का उल्लेख करते हुए कलेक्टर ने कहा कि यह महत्वपूर्ण विषय है और सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को भी अपने सुझाव निर्धारित माध्यम से प्रस्तुत करने चाहिए, ताकि व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। बैठक में आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कलेक्टर समाधान एवं जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ समाधान किया जाए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का केवल औपचारिक निराकरण नहीं बल्कि संतुष्टिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# नामांकन निरस्त होना लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात : ज्ञान

## पत्रकारवार्ता कर कांग्रेस ने राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन नामांकन निरस्त होने पर चुनावी प्रक्रिया पर उठाये सवाल

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 जून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी में आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह संगठन महासचिव ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री एवं प्रवक्ता पंकज सिंह शामिल रहे।**

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने पर इसे लोकतंत्र, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर आघात बताते हुए चुनावी प्रक्रिया की




पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए। ज्ञान सिंह ने कहा कि यह मामला केवल एक प्रत्याशी के नामांकन तक सीमित नहीं है बल्कि लोकतंत्र में जनता के विश्वास, चुनावी संस्थाओं की विश्वसनीयता और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन आपत्तियों और व्याख्याओं के आधार पर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया गयाए उससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर गंभीर प्रश्न उत्पन्न हुए हैं। श्री सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33 एवं फॉर्म-26 का उद्देश्य उम्मीदवारों के विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों की जानकारी प्राप्त करना है, लेकिन नामांकन निरस्त करने का जो आधार बनाया गया वह इन प्रावधानों की भावना और कानूनी व्याख्या से मेल नहीं खाता।

### संविधान और निष्पक्ष चुनाव की रक्षा के लिये जारी रहेगा संघर्ष

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की रक्षा के लिए लगातार संघर्षरत रहेगी। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनावी प्रक्रियाओं का पारदर्शी, निष्पक्ष और न्यायसंगत होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव से नहीं, बल्कि निष्पक्ष चुनाव से चलता है।